## कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्याः–एमई–3/2015/

लखनऊःदिनांकः 08 जून, 2015

### यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2015 के अन्तर्गत् माप–अप राउण्ड की सूचना।

यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2015 के अन्तर्गत् रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) मे निहित प्राविधानो के अनुसार माप–अप राउण्ड दिनांक 10 जून, 2015 को पूर्वाह्न 9:30 बजे से के0जी0एम0यू0 लखनऊ मे आयोजित की जायेगी, जिसमे मात्र वही अर्ह अभ्यर्थी, जिन्हें अभी तक कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, सम्मिलित हो सकते हैं। मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा इस एकेडेमिक सत्र के अन्तर्गत् प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक–10 जून, 2015 निर्धारित है, अतः माप–अप राउण्ड में आवंटित अभ्यर्थियों के प्रवेश की कार्यवाही काउन्सिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न की जानी है। अतः अभ्यर्थी अपने सभी वांछित **मूल शैक्षिक अभिलेखों,** काउन्सिलिंग फीस, सिक्योरिटी धनराशि तथा कालेज मे प्रवेश संबंधी शुल्क की व्यवस्था के साथ काउंन्सिलिंग में सम्मिलित हो सकते हैं।

/

**महानिदेशक**

संख्या–एम0ई0–3/2015/ 1935-48

तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 एवं प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग–2.
3. मा0 कुलपति जी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि मॉपअप राउण्ड के निमित्त समस्त आवश्यक व्यवस्था पूर्व काउंसिलिंग की भॉति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
5. अधिष्ठाता, चिकित्सा संकाय/दन्त संकाय, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ/प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, झांसी, गोरखपुर को इस निर्देश के साथ कि वह प्रवेश समिति के सदस्य के रूप में दिनांक–10 जून, 2015 को आयोजित मापअप राउण्ड में बहुमूल्य योगदान हेतु काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
6. निदेशक, उ0प्र0 ग्रामीण आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, सैफई, इटावा/ निदेशक, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, मथुरा रोड, आगरा/निदेशक, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, गोमती नगर, लखनऊ/निदेशक, श्रेत्रीय नेत्र संस्थान, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय, सीतापुर को इस आशय से प्रेषित कि आपके संस्थान में रिक्तियों की उपलब्धता की दशा में काउंसिलिंग बोर्ड के सदस्य के रूप में दिनांक–10 जून, 2015 को आयोजित मापअप राउण्ड में बहुमूल्य योगदान हेतु काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

7. चीफ कोआर्डिनेटर, यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2015, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें तथा काउंसिलिंग संबंधी व्यवस्था, यथा बायोमेट्रिक इत्यादि सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
8. निदेशक, दूरदर्शन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना प्रातः एवं सांयकालीन प्रसारण में लगातार दो दिनों तक प्रसारित करने का कष्ट करें।
9. निदेशक, आकाशवाणी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना प्रातः एवं सांयकालीन प्रसारण में लगातार दो दिनों तक प्रसारित करने का कष्ट करें।
10. मे0 एम0एम0 एडवरटाइजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण लखनऊ, कानपुर, झांसी एवं गोरखपुर, अमर उजाला में अलीगढ़, आगरा, मेरठ, बरेली एवं मुरादाबाद के संस्करणों में हिन्दुस्तान टाइम्स के लखनऊ संस्करण तथा दैनिक हिन्दुस्तान (हिन्दी) में इलाहाबाद एवं वाराणसी के संस्करणों में **दिनांक–09जून, 2015** को सूक्ष्म अक्षरों, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
11. महाप्रबन्धक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक लिमिटेड, गोमती नगर, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि पूर्व काउंसिलिंग की भॉति यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0–2015 की मापराउण्ड में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी धनराशि रू0 30,000/– ( रूपये तीस हजार मात्र) एवं काउंसिलिंग शुल्क रू0 800/–(रूपये ऑठ सौ मात्र) जमा करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
12. संयुक्त निदेशक, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की बेवसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
13. आहरण–वितरण अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा।
14. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा के शिविर सहायक को सूचनार्थ।

**( वी0एन0 त्रिपाठी )**
**महानिदेशक**

प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0,
लखनऊ।

सेवा में,

1— अधिष्ठाता,
चिकित्सा/दंत संकाय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,लखनऊ।

2— प्रधानाचार्य,
मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद, झाँसी तथा गोरखपुर।

3— निदेशक,
(i)उ0प्र0 ग्रामीण आयुर्विज्ञान संस्थान, सैफई, इटावा (ii) डा0आर0एम0एल0 इन्स्टीट्यूट, ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, (iii) एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ, (iv)मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, आगरा (v) क्षेत्रीय नेत्र संस्थान, सीतापुर।

संख्याः—एमई—3/2015/1949-51

लखनऊःदिनांकः 08 जून, 2015

विषयः— यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0—2015 की मापअप राउण्ड की काउंसिलिंग दिनांक—10जून, 2015 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि यू0पी0पी0जी0एम0ई0ई0—2015 की मापअप राउण्ड की काउंसिलिंग दिनांक—10जून, 2015 को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रातः 9:30 बजे से आयोजित की गयी है। अतः मापअप राउण्ड में स्नातकोत्तर प्रवेश समिति के सदस्य के रूप में आप स्वयं अथवा किसी भिज्ञ अधिकारी को रिक्त सीटों की सूचना/पूर्ण विवरण के साथ बैठक में प्रतिभाग करने तथा काउंसिलिंग के दौरान उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। कृपया तृतीय काउंसिलिंग के प्रवेशोपरान्त आपके कालेज/संस्थान में उपलब्ध रिक्तियों की पूर्ण एवं स्पष्ट सूचना दिनांक—09 जून, 2015 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

जैसा कि आप अवगत् हैं कि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा इस एकेडेमिक सत्र के अन्तर्गत् प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक—10 जून, 2015 निर्धारित है, अतः माप—अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियों के प्रवेश की कार्यवाही काउंसिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न कराये जाने हेतु आपके कालेज/संस्थान के किसी भिज्ञ कर्मचारी को के0जी0एम0यू0 लखनऊ में दिनांक—10 जून, 2015 को प्रातः 9.30 बजे उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( वी0एन0 त्रिपाठी )
महानिदेशक

संख्याः—एमई—3/2015/ तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—2.

2— कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

( वी0एन0 त्रिपाठी )
महानिदेशक